54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 18.1 c
अधिकतम 31.4 °c

**अमृतवाणी**
मन में हमेशा जीत की आस होनी चाहिए... नसीब बदले न बदले, वक्त जरूरत बदलता है।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

बड़े घराने के उत्पाती, अहंकारियों को भी अच्छे से संभालते हैं ओम बिरला : मोदी



फिर भी उनके विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाया गया?....

सूर्योदय - 6:37, सूर्यास्त - 6:22 वर्ष : 54/ अंक : 65 | रविवार, 08 मार्च 2026 | चैत्र, कृष्ण पक्ष, पंचमी | सम्वत 2082 | मूल्य : 3 रुपये



# किसान नेता पूरन सिंह समेत सात लोगों पर मुकदमा दर्ज

**मुजफ्फरनगर, 7 मार्च (बु.)।** तितावी थाना पुलिस ने शनिवार की शाम जानलेवा हमला करने और धमकी देने के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया, जिसमें खुद पूरन सिंह व उनके पुत्र सहित सात लोगों पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आपको बता दें कि 6 मार्च को ग्राम नसीरपुर में एक महिला ओमवती ने आरोप लगाया कि सुबह 9 बजे उसका पुत्र दुष्यंत गाय लेकर जा रहा था। तभी रास्ते में किसान नेता पूरन सिंह की गाड़ी आई और दुष्यंत ने गाड़ी साइड करने को कहा। आरोप है कि इसी बात पर पूरन सिंह के बेटे ने गाली गलौच की। उक्त विवाद ने हिंसक रूप तब लिया तब उसी दिन शाम को दुष्यंत अपनी मां की दवाई लेने डॉक्टर के पास जा रहा था। आरोप है कि तभी दीक्षित के घर के सामने रवि दीक्षित, नंदू, विक्की, सागर और चालक अनिकेश ने एकराय होकर लाठी-डडे व रॉड व धारदार हथियारों से दुष्यंत पर हमला कर दिया। हमले में दुष्यंत बेहोश हो गया, जिसके बाद परिजनों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। इस दौरान पूरन सिंह ने पूरे परिवार को जान से मारने और फर्जी मुकदमें में फंसाने की धमकी दी। महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर तितावी थानाध्यक्ष पवन चौधरी ने बिजलीघर की दीवार से कुछ ही दूरी पर घेराबंदी कर तीन आरोपियों को दबोच लिया, जिसमें स्वयं पूरन सिंह का बेटा विजय प्रताप उर्फ नंदू, अनिकेश पुत्र धीर सिंह निवासी सहारनपुर, रवि पुत्र सुक्खा निवासी नसीरपुर थाना तितावी शामिल हैं, जबकि स्वयं किसान नेता पूरण सिंह, रवि दीक्षित, नंदू सागर, विक्की और अनिकेत के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज किये गए हैं।





### किसान नेता पूरन सिंह पर मुकदमा दर्ज करने के बाद 14 मार्च को पंचायत की घोषणा

**मुजफ्फरनगर।** किसान मजदूर संगठन के अध्यक्ष पूरण सिंह पर मुकदमा दर्ज करने के विरोध में किसान संगठन के पदाधिकारियों द्वारा 14 मार्च को गांव नसीरपुर में पंचायत की घोषणा की गयी है। पदाधिकारियों का कहना है कि उक्त मामले में पूरण सिंह किसी भी प्रकार से दोषी नहीं हैं और उनके खिलाफ षड़यंत्र रचा गया है।

## 21 मई को होगी लेखपाल भर्ती की मुख्य परीक्षा

**लखनऊ, 7 मार्च (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने लेखपाल भर्ती की मुख्य परीक्षा तिथि घोषित कर दी है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, लेखपाल मुख्य परीक्षा 21 मई, 2026 को एकल पाली में आयोजित की जाएगी। जिन भी उम्मीदवारों ने निर्धारित कटऑफ क्लियर की है और आयोग ने उन्हें अर्ह घोषित किया है, उन्हें मुख्य परीक्षा में शामिल होना होगा। 7994 पदों के सापेक्ष श्रेणीवार 15 गुना (समान कटऑफ अंक प्राप्त करने वाले सभी अभ्यर्थियों सहित) के आधार पर मुख्य परीक्षा हेतु अर्ह घोषित किया गया है।

## इमरान खान की पार्टी के 47 नेताओं-कार्यकर्ताओं को जेल

**इस्लामाबाद, 7 मार्च (एजेंसी)।** पाकिस्तान में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के 47 नेताओं और समर्थकों को अदालत ने 10 साल की सजा सुनाई है। यह फैसला रावलपिंडी की आतंकवाद निरोधक अदालत ने शनिवार को सुनाया। अदालत ने इन सभी लोगों को मई 2023 में हुए हिंसक विरोध-प्रदर्शनों और तोड़फोड़ के मामले में दोषी पाया। दरअसल, 9 मई 2023 को इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद पूरे पाकिस्तान में पीटीआई कार्यकर्ताओं ने बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किए थे। कई जगहों पर प्रदर्शन हिंसक हो गए थे और सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया गया था। रावलपिंडी में प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने सेना मुख्यालय की ओर बढ़ने की कोशिश भी की थी। इस दौरान कई सरकारी इमारतों और वाहनों को नुकसान पहुंचाया गया था।



## बद से बदतर ही रहेंगे शहर के इंतेजाम

### प्रशासन की अनदेखी के चलते रोज लग रहा भयंकर जाम

**मुजफ्फरनगर, 07 मार्च (बु.)। मुजफ्फरनगर में दिन प्रतिदिन जाम के हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। कागजों और मीटिगों में रोज जाम की इतनी योजनाएं बनती है जैसे इस शहर को स्वर्ग बनाने की तैयारी हो, मगर जाम से निजात दिलाने की मंशा कही भी दिखाई नहीं पड़ती है। हाल ही में प्रभारी मंत्री सोमेन्द्र तोमर ने बैठक लेकर प्रत्येक चौराहे से अतिक्रमण हटवाने व जाम से निजात दिलाने के लिए अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई थी। बावजूद उसके किसी प्रकार का कोई असर तो क्या होता दिखाई पड़ता, ठीक उसका उलट होता दिखाई पड़ रहा है। पिछले दो दिनों से शहर में पैदल चलने वालों के लिए भी जगह नहीं बची है। आये दिन लोग घंटों-घंटों जाम में फंसे दिखाई पड़ रहे हैं, मगर मजाल है जो किसी तरह जाम खोलने का इंतेजाम प्रशासन द्वारा किया जा रहा हो। शुक्रवार को भी पूरा शहर जाम की चपेट में था, उसके बाद आज शनिवार को भी यही हाल शहर में जाम का दिखाई दिया। प्रशासन का ना ही तो अतिक्रमण कारियों पर कोई अंकुश लग पा रहा है और ना ही ईरिक्शाओं से निजात दिलाने में कोई कामयाबी प्रशासन हासिल कर पाया है। रोजाना मीटिंग करके सिर्फ यह दर्शाया जाता है कि शहर को जल्द ही जाम से निजात दिलाई जायेगी, मगर यह सिर्फ मीटिंग और कागजों तक ही सीमित है। दूर-दूर तक भी आम आदमी को जाम से निजात मिलती नहीं दिखाई दे रही है।**




## रथेड़ी में हनी ट्रैप गिरोह के कई आरोपी हिरासत में

**मुजफ्फरनगर, 7 मार्च (बु.)।** नई मंडी में हनी ट्रैप में फंसाकर लूटने वाले गिरोह को लेकर नई मंडी थाने पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। इसमें एक महिला समेत पांच लोगों को नामजद किया गया है। नई मंडी कोतवाली पुलिस ने रथेडी गांव हनी ट्रैप के मामले में पुलिस ने महिला समेत पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है। गिरोह के लोग लोगों को महिलाओं के जरिए हुस्न जाल में फंसाकर उनके अश्लील वीडियो बनाकर झूठे मुकदमों में फंसाकर उनमें समझौता करने के नाम पर अवैध वसूली करते थे। आरोप है कि गिरोह में शामिल महिलाएं आरोपियों के साथ मिलकर लोगों को शिकार बनाती थीं।




### हुस्न जाल में फंसाकर शिकायत करने और पैसा ऐंठकर समझौता करने के आरोप

नई मंडी इलाके के रथेड़ी के चार लोगों और गढी सरवट निवासी महिला को पुलिस ने झूठे मामले में नाम पर हनी ट्रैप में फंसाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की गई थी। इसमें कहा गया है कि यह गिरोह उत्तर प्रदेश, दिल्ली, उत्तराखंड समेत विभिन्न जनपदों में लोगों को अपना शिकार बना चुका है। गिरोह में पुरुष सदस्य शिकार तलाशते थे, जबकि महिलाएं उनके साथ अश्लील वीडियो बनाने के साथ बातचीत करती हैं। शिकार के पूरी तरह से कब्जे में आने के बाद उसे साक्ष्य और झूठी वीडियो दिखाकर ब्लैकमेल कर रुपए हड़पते थे। शिकायत कर्ता ने चार मामलों का जिक्र करते हुए रिपोर्ट में कहा है कि इन लोगों के खिलाफ पहले पुलिस में शिकायत की गई और फिर पुलिस के जरिए फैसला कराकर उनसे पैसे ऐंठकर समौता कर लिया गया। एक मामले में तो हरिद्वार के सिडकुल में रथेड़ी के युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई। इसे वापस लेने के लिए उससे दस लाख रुपये की मांग की गई। इसके बाद पुलिस ने गिरोह में शामिल रियासत, आफताब, साजिद, परवेज और महिला वरजीना के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने गिरोह के कई लोगों को हिरासत में लिया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। साथ ही उनके ठिकानों पर दबिश देकर साक्ष्य एकत्र कराए गए हैं। पूरे गिरोह की कुंडली खंगाली जा रही है।

## मेरठ में देर रात पुलिस ने व्यापारियों का धरना हटाया

**मेरठ, 7 मार्च (एजेंसी)।** मेरठ की सेंट्रल मार्केट के व्यापारी ने आवास विकास के अधिकारियों के खिलाफ शुरू किए गए धरने को पुलिस ने देर रात हटवा दिया। धरने के दौरान कई बार हुई प्रशासनिक अधिकारियों के साथ वार्ता हर बार विफल ही रही। इसके बाद पुलिस ने रात में धरना खत्म काया और साथ में विरोध कर रहे व्यापारियों को रात में ही थाने भी ले आई और आवास विकास के के कार्यालय के बाहर लगे टेंट को भी उखाड़ दिया। व्यापारियों ने शुक्रवार की सुबह सेंट्रल मार्केट में एक बैठक का आयोजन किया था। इसके बाद उन्होंने आवास विकास के कार्यालय पर आरटीआई कार्यकर्ता लोकेश खुरुना और आवास विकास के अधिकारियों के खिलाफ धरना प्रदर्शन शुरू किया। रात लगभग 12 बजे नौचंदी थाना प्रभारी इलम सिंह बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ धरना स्थल पहुंचे और धरना खत्म कर विरोध करने वाले व्यापारियों को लेकर थाने आ गए।

## गन्ने से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से किसान की दर्दनाक मौत

**बुढ़ाना, 07 मार्च (बु.)।** गन्ने से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली के अनियंत्रित होकर पलट जाने से एक किसान की ट्रैक्टर के नीचे दबकर दर्दनाक मौत हो गयी। शोर-शराबा होने पर मौके पर पहुंचे आसपास के कई ग्रामीणों ने आनन-फानन में ट्रैक्टर के नीचे से किसान को निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। कुछ ही देर में यह खबर गांव में आग की तरह फैल गयी और घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गयी, तभी मौके पर पहुंची पुलिस पर ग्रामीणों ने जमकर भड़ास निकाली, क्योंकि जिस मार्ग पर यह घटना हुई, उस मार्ग से गांव के किसान सर्विस रोड निकालने की मांग कई सालों से करते चले आ रहे थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव बिराल निवासी लगभग 35 वर्षीय किसान ठाकुर रवि पुत्र महेंद्र सिंह शनिवार की सुबह रोजाना की भांति अपने खेत से ट्रैक्टर-ट्रॉली में गन्ने भरकर रमाला मिल में डालने जा रहा था, जब वह हाइवे के पास में से निकल रहा था, तो वहीं ऊबड़-खाबड़ रास्ते में ट्रैक्टर अचानक से अनियंत्रित होकर ऊपर की और उठकर पलट गया, जिसमें रवि की दबकर मौत हो गयी। आसपास के किसानों ने जब ट्रैक्टर के पलटने की आवाज सुनी, तो उन्हें समझते देर नहीं लगी और वे तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने देखा रवि ट्रैक्टर के नीचे दबा हुआ है, तो किसानों ने गांव बिराल में इस घटना की जानकारी किसान मजदूर संगठन के ग्राम बिराल अध्यक्ष ठाकुर मदन सिंह, जन प्रतिनिधि अंकुश प्रताप सिंह व ग्राम प्रधान ठाकुर मन्नू सिंह को दी, वो सैकड़ों ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे और ट्रैक्टर-ट्रॉली को सीधा कर रवि को निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। ग्रामीण यह देख आक्रोशित हो गये और घटना की सूचना फोन पर परासौली पुलिस चौकी पर दी, तो पुलिस कुछ ही देर बाद घटनास्थल पर पहुंच गयी। बुढ़ाना पुलिस को ग्रामीणों का गुस्सा झेलना पड़ा, क्योंकि ग्रामीणों का कहना था कि वे कई सालों से समय-समय पर इस मार्ग के पास को हाइवे पर सर्विस रोड बनाए जाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन कोई भी अधिकारी सुनने को तैयार नहीं है। इसी वजह से आज ये दुर्घटना हुई है। यहां पर ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों को मुआवजा दिए जाने की मांग की, क्योंकि मृतक किसान रवि के पास ज्यादा जमीन नहीं है। मृतक के 2 छोटे बच्चे हैं। पुलिस ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत कर शव को पीएम के लिए भिजवाया और उनकी मांग उच्चाधिकारियों के समक्ष रखने की बात कही। उधर अंकुश प्रताप सिंह ने बताया कि उनके गांव में हाइवे निकलने की वजह से ग्रामीणों को भारी असुविधा उठानी पड़ रही है।



## स्मार्ट मीटर के नाम पर वसूले 127 करोड़ वापस होंगे

**लखनऊ, 7 मार्च (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए आदेश दिया है कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर के नाम पर वसूली गई अतिरिक्त राशि वापस की जाए। आयोग ने कहा है कि 1 अप्रैल के बाद जिन उपभोक्ताओं से अतिरिक्त पैसे लिए गए हैं, उनकी कुल लगभग 127 करोड़ रुपये की राशि बिजली बिलों में समायोजित कर लौटाई जाए। यह आदेश आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार और सदस्य संजय कुमार सिंह ने उपभोक्ता परिषद की याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया। आयोग ने इस मामले की अगली सुनवाई 11 अगस्त को तय की है। उस दिन पॉवर कॉर्पोरेशन के निदेशक (वाणिज्य) को व्यक्तिगत रूप से आयोग के सामने उपस्थित होने का निर्देश दिया है। मामले में बताया गया कि बिजली वितरण कंपनियों ने नए बिजली कनेक्शन देते समय सिंगल फेज कनेक्शन पर 6016 रुपये और थ्री फेज कनेक्शन पर 11341 रुपये वसूले। इसमें सिंगल फेज पर लगभग 3216 रुपये और थ्री फेज पर करीब 7241 रुपये अतिरिक्त वसूले गए थे। इस संबंध में राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने आयोग में याचिका दाखिल कर इस वसूली को अवैध बताते हुए कार्रवाई की मांग की थी। उन्होंने बताया कि 10 सितंबर 2025 से 31 दिसंबर 2025 के बीच बिजली विभाग ने 353357 नए कनेक्शन जारी किए थे, जिनसे यह अतिरिक्त राशि वसूली गई। आयोग के आदेश के बाद परिषद के अध्यक्ष ने प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं की ओर से आयोग का आभार जताया।






## घरेलू सिलेण्डर के दाम 60 रुपए बढ़े : ईरान जंग से रसोई गैस की किल्लत की आशंका

**नई दिल्ली, 7 मार्च (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर 60 रुपए महंगा कर दिया है। दिल्ली में 14.2 किलोग्राम की एलपीजी गैस अब 913 रुपए की मिलेगी। पहले यह 853 रुपए की थी। वहीं 19 किग्रा वाले कॉमर्शियल सिलेंडर में 115 रुपए का इजाफा किया गया है। यह अब 1883 रुपए का मिलेगा। बढ़ी हुई कीमतें 7 मार्च से लागू हो गई है। इससे पहले सरकार ने 8 अप्रैल 2025 को घरेलू सिलेंडर के दामों में 50 रुपए का इजाफा किया था। यानी ये बढ़ोतरी करीब एक साल बाद की गई है। वहीं 1 मार्च 2026 को कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम 31 रुपए तक बढ़ाए गए थे। सरकार ने गैस के दामों में बढ़ोत्तरी ऐसे वक्त की है जब अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग के चलते देश में गैस किल्लत की आशंका जताई गई है। सरकार ने 5 मार्च को इमरजेंसी पावर इस्तेमाल करते हुए देश की सभी ऑयल रिफाइनरी कंपनियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने का आदेश दिया था। मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव से गैस की सप्लाई प्रभावित हो सकती है। इसी खतरे को देखते हुए सरकार ने यह आदेश जारी किया। इसमें कहा गया है कि अब रिफाइनरियां प्रोपेन और ब्यूटेन का इस्तेमाल सिर्फ रसोई गैस बनाने के लिए करेंगी। सभी कंपनियों को प्रोपेन और ब्यूटेन की सप्लाई सरकारी तेल कंपनियों को करनी होगी। सरकारी तेल कंपनियों में इंडियन ऑयल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम शामिल है। इसका मकसद कंज्यूमर्स को बिना रुकावट गैस सिलेंडर की सप्लाई है।



## महिला को सम्मोहित कर बदमाशों ने कुंडल लूटे

**मीरापुर, 7 मार्च (बु.)।** कासमपुर खोला से मीरापुर के बाजार में खरीदारी करने आ रही एक महिला को बीच रास्ते रोक कर दो ठगों ने उसे सम्मोहित कर सोने के कुंडल लूट लिए। पीड़िता के पुत्र ने दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

मीरापुर थाना क्षेत्र के गाँव कासमपुर खोला निवासी विनोद पुत्र विजयपाल ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि शनिवार की दोपहर उसकी माँ ज्ञानवती कपड़े की खरीदारी करने के लिए मीरापुर के बाजार जा रही थी। आरोप है कि जब ज्ञानवती कस्बे के सेंट जेवियर्स स्कूल के पास पहुंची, तभी एक बाइक पर सवार दो युवक उसके पास रुके और बातों-बातों में उसे सम्मोहित करके उसके कानों से कुंडल लूटकर फरार हो गए। बदहवाश महिला ने शोर मचाया तो आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तथा फोन से परिजनों व पुलिस को सूचना दी, जिससे पुलिस विभाग में हड़कम्प मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी की मदद से बदमाशों की तलाश कर दी है। इंस्पेक्टर राजीव शर्मा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश जारी है जल्द ही आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## 13 वर्ष तक 400 तारीख भुगतने के बाद जाम व हंगामे के मामले में 22 आरोपी बरी

**मुजफ्फरनगर, 7 मार्च (बु.)।** 5 दिसम्बर 2013 को गन्ना भुगतान की मांग को लेकर भाकियू के पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रपाल फौजी के नेतृत्व में गन्ना भुगतान की मांग को लेकर किसानों कार्यकर्ताओं ने नेशनल हाइवे पर ट्रैक्टर-ट्रॉली व गाड़ियां लगाकर जाम लगा दिया था, जिस कारण हाइवे पर यातायात बाधित हो गया था। पुलिस की ओर से 62 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गयी थी। मुकदमे की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में हुई, जिसमें अधिवक्ता श्रवण कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त मामले में 400 से अधिक तारीखें लगी तथा यह मुकदमा थाना प्रभारी अनिल कुमार की ओर से 5 दिसम्बर 2013 में लिखवाया गया था। अधिवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त मामले में 22 आरोपियों को बरी कर दिया गया है, जिनमें मंसूरपुर गांव दूधाहेड़ी के प्रधान अशोक राठी समेत भाकियू कार्यकर्ता शामिल हैं। इसी मामले में अभी 40 आरोपियों की फाइल दूसरी कोर्ट में लम्बित है, जिस पर अभी ट्रायल चल रहा है। शनिवार को सरकार बनाम अशोक राठी के मामले में निर्णय में दूधाहेड़ी के ग्राम प्रधान भाकियू नेता अशोक राठी, सत्यवृत्त, मोनू कुमार, जय कुमार, शिव कुमार, पप्पू पुत्र राजपाल, राजवीर, अनिल, दुष्यंत, रश्मि उर्फ फज्जा, संदीप, योगेंद्र, पप्पन उर्फ इंद्रपाल, सुशील, अंकित, ब्रह्मपाल, गोपाल, हरवीर, विकास, चरण सिंह, राजा, सुशील समेत 22 आरोपियों को बरी किया गया है।

### संकट में फंसे ईरान ने जताया भारत का आभार

**नई दिल्ली, 7 मार्च (एजेंसी)।** ईरान ने अपने युद्धपोत आईआरआईएस लावन को ठहराने के लिए औपचारिक रूप से भारत का आभार व्यक्त किया। भारत ने इस युद्धपोत को कोच्चि बंदरगाह पर तकनीकी और रसद संबंध व्यवस्थाओं के लिए सुरक्षित पनाहगाह प्रदान की है। यह घटना हिंद महासागर में एक अन्य ईरान पोत आईआरआईएस पर हमले के बाद सामने आई है। नई दिल्ली में ईरान के राजदूत मोहम्मद फतहाली ने कहा, हिंद महासागर के पानी में ईरानी नौसैनिक जहाज आईआरआईएस देना से जुड़ी दुखद घटना के बाद ईरान चालक दल के सदस्यों की स्थिति पर नजर रखे हुए है और इस घटना के विभिन्न पहलुओं की जांच जारी है। गौरतलब है कि अमेरिका ने दावा किया है कि उसकी पनडबुब्बी ने टॉरपीडो से इस आईआरआईएस देना को निशाना बनाया था, जिसके बाद यह जहाज श्रीलंका के गाले के तट से करीब 40 नॉटिकल मील दूर डूब गया।

### बजट सत्र का दूसरा चरण 9 मार्च से : पहले दिन ही आएगा लोकसभा स्पीकर को हटाने का प्रस्ताव, भाजपा-कांग्रेस ने व्हिप जारी किया

**नई दिल्ली, 7 मार्च (एजेंसी)।** संसद का बजट सत्र का दूसरा चरण 9 मार्च से शुरू होकर 2 अप्रैल तक चलेगा। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने अपने लोकसभा सांसदों को 9 से 11 मार्च तक सदन में मौजूद रहने के लिए 3-लाइन व्हिप जारी किया है। कांग्रेस ने अपने सांसदों से कहा है कि वे इन दिनों सदन में मौजूद रहें क्योंकि लोकसभा स्पीकर को हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा की संभावना है। वहीं भाजपा ने भी सांसदों को मौजूद रहने का निर्देश दिया है। विपक्ष ने स्पीकर ओम बिरला को पद से हटाने के लिए प्रस्ताव का नोटिस दिया है। विपक्ष के 118 सांसदों ने इस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए हैं। हालांकि तृणमूल कांग्रेस के सांसदों (29) ने इस नोटिस पर हस्ताक्षर नहीं किए। वहीं, तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने अपनी पार्टी के चेयरपर्सन के निर्देश के अनुसार अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन करने का मन बना लिया है। सूत्रों के मुताबिक टीएमसी सांसद लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ वोट करेंगे।

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आया युवक, हालत गंभीर

**चरथावल, 07 मार्च (बु.)।** चरथावल क्षेत्र के नगला राई निवासी 21 वर्षीय सलीम पुत्र मतलूब हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गया। युवक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। बताया गया है कि सलीम अपने पिता के साथ छोटी सी खेती करता है। इसके साथ ही वह जंगल से पत्तियां खरीदकर कोल्हू व अन्य स्थानों पर बेचने का काम भी करता है। बीती देर रात करीब साढ़े तीन बजे सलीम ट्रैक्टर-ट्रॉली में पत्तियां भर रहा था। ग्रामीणों के अनुसार जिस जंगल में वह पत्तियां भर रहा था, वहां से हाईटेंशन बिजली लाइन गुजर रही है और उसके तार काफी नीचे लटके हुए हैं। इसी दौरान सलीम ट्रॉली के ऊपर चढ़कर पत्तियां लगा रहा था, तभी अचानक वह हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया और उसे तेज करंट लग गया। करंट लगने से सलीम का शरीर बुरी तरह झुलस गया। घटना के बाद परिजन और ग्रामीण उसे तुरंत जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसे भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि घटना को 12 घंटे से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन सलीम की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। इस घटना के बाद किसानों में दहशत का माहौल है। वहीं ग्रामीणों में विद्युत विभाग के प्रति रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि जंगल से गुजर रही हाईटेंशन लाइन के तार काफी नीचे लटक रहे हैं, जिसकी शिकायत पहले भी की जा चुकी है, लेकिन विभाग ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द तारों को सही कराने की मांग की है।



## बाल बाल बचे डिप्टी सीएम केशव मौर्य, हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग

### 2000 फीट ऊंचाई पर अचानक डिस्प्ले बंद हुआ, धुआं भरा; लखनऊ में उतारा

**लखनऊ, 7 मार्च (एजेंसी)।** डिप्टी सीएम केशव मौर्य के हेलिकॉप्टर की शनिवार को इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। उन्होंने सुबह 10.45 बजे लखनऊ से कौशांबी के लिए उड़ान भरी थी। 30 मिनट बाद ही हेलिकॉप्टर का डिस्प्ले अचानक बंद हो गया। अंदर धुआं भरने लगा। पायलट ने तुरंत लखनऊ एयर ट्रैफिक कंट्रोल यानी एटीसी को सूचना दी। इमरजेंसी लैंडिंग की परमिशन मांगी। विमान तब तक 50 किमी दूर बछरावां तक पहुंच गया था। अनुमति मिलते ही पायलट ने वापस लखनऊ एयरपोर्ट की तरफ मोड़ दिया। एयरपोर्ट पर सुबह 11.15 बजे हेलिकॉप्टर की सुरक्षित लैंडिंग करवाई। लैंडिंग तक हेलिकॉप्टर में काफी धुआं भर गया था। हेलिकॉप्टर से केशव समेत 6 लोगों को सुरक्षित नीचे उतारा गया। केशव के हेलिकॉप्टर ने लखनऊ के ला मार्टिनियर स्कूल ग्राउंड से उड़ान भरी। यह ग्राउंड उनके आवास के पास ही है। हेलिकॉप्टर में केशव समेत 6 लोग थे- दो पायलट, एडवाइजर, एक क्लास फोर का स्टाफ और सिक्योरिटी। हेलिकॉप्टर 2000 फीट की ऊंचाई तक पहुंच गया। तभी पायलट को विमान में गड़बड़ी का पता चला। एटीसी से परमिशन लेकर तुरंत विमान लखनऊ की तरफ मोड़ा। पायलट ने जैसे-तैसे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के बीच हेलिकॉप्टर को लखनऊ एयरपोर्ट में उतारा। इस दौरान फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस भी पहुंच गई थी। केशव मौर्य दूसरे हेलिकॉप्टर से कौशांबी पहुंचे। यहां उन्होंने दो दिवसीय सरस महोत्सव का उद्घाटन किया।




## सीओ बोले- पुलिस का अपमान हुआ तो ठीक नहीं होगा

**मेरठ, 7 मार्च (एजेंसी)।** सेंट्रल मार्केट के व्यापारियों के साथ धरना प्रदर्शन में किसान मजदूर संगठन के लोग शामिल हुए। लोगों को हिरासत में लेने के बाद व्यापारियों और संगठन के लोगों ने कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। इसके बाद जब किसान संगठन के एक व्यक्ति अंशुल तोमर ने एक स्स्क से हॉट टॉक हो गई। सीओ सिविल लाइन अभिषेक तिवारी ने अंशुल तोमर को खूब फटकार लगाई। व्यवहार ठीक रखने की नसीहत भी दी।

किसान नेता- जब हम अपने साथियों के बारे में तुमसे थाने में पूछ रहे थे तो जवाब क्यों नहीं दिया अब बुलाओं अपने सीओ और एडीएम को

एसएसआई- मैंने जब भी बताया था और अब भी बता रहा हूं विजय राघव का 151 में चालान कर जेल भेज दिया है जमानत करा लीजिए

किसान नेता- जब हमने वहां पूछा तो तुमने कुछ नहीं बताया क्यों नहीं की तुमने इंस्पेक्टर से बात तुमने हमसे बोला जाओ चले जाओ डीएम कार्यालय

एसएसआई- मैंने ये नहीं बोला

किसान नेता- हम जमानत नहीं कराएंगे पहले अपराध बताओ ऐसे कैसे जेल भेज दिया

अब पढ़िए सीओ सिविल लाइन अभिषेक तिवारी के आने के बाद की बातचीत



सीओ- पहले आप ये बताइए आप बात किस शैली में बात कर रहे हैं वह एक थाने का स्स्कहै और आप उसे धमका रहे हैं।

किसान नेता- आप ये बताओ आपकी क्या शैली है कि 151 में चालान कर जेल भेज दिया। हम सब भी धरने पर बैठे हैं कर दो चालान और भेज दो हमें भी जेल

सीओ- जो करना होगा कर लूंगा, आप पहले पुलिस से बोलने की शैली ठीक करो

किसान नेता- नहीं हमें भेजो अब जेल हम बैठे हैं। यहां जेल जाने के लिए हमने वहां पूछा, लेकिन किसी ने नहीं बताया कि हमारे साथी कहां है

इसके बाद सीओ ने सभी को एक मिनट शांत रहने का बोला और कहा हम आपके पीछे आए , आपसे बात करने के लिए आए और मैं काफी देर चुप भी रहा लेकिन वह एक थाने का एसएसआई है और आप उसे धमकाये चले जा रहे हैं। वह आपकी धमकी के लिए नहीं खड़ा है यहां

किसान नेता- पहले मेरी सुनो क्या करोगे 151 में चालान करोगे, जेल भेजोगे

सीओ- ये आप मत बताओ मैं क्या करूंगा , पहले मेरी एक लाइन की बात सुनो सब

आपके सम्मान में यहां हमारी तरफ से कोई कमी नहीं है लेकिन मेरे एक सिपाही का भी अगर यहां अपमान होगा तो ठीक नहीं होगा । आप सोच लो सम्मान पूर्वक बात करनी है तो बता दो पांच मिनट का समय है सोचकर बता देना। इतना कहने के बाद सीओ सिविल लाइन अभिषेक तिवारी वहां से दूर जाकर खड़े हो गए। हालांकि कुछ देर बाद एडीएम सिटी ने स्थिति को संभालते हुए माहौल शांत कराया और हिरासत में लिए गए दो में से एक युवक को थाने से सुपुर्द कराकर प्रदर्शन को खत्म कराते हुए व्यापारियों को वहां से भेज दिया।

# अन्तर्राष्ट्रीय महिला सशक्तिकरण की सभी महिलाओं को हार्दिक शुभकामनाएं



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी को शुभकामनाएं। आज की महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। चाहे शिक्षा हो, विज्ञान हो या व्यापार हो महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। एक महिला शिक्षित होती है तो पूरा परिवार आगे बढ़ता है। बेटियों को शिक्षित करें और आगे बढ़ाएं।

डॉ. ईशा गुप्ता
नेत्र रोग विशेषज्ञ।



एक डेंटल सर्जन होने पर मुझे गर्व महसूस करती हूं। आज के दिन हम महिलाओं की मेहनत और उनकी सफलता की सराहना करें और आने वाली पीढ़ी की लड़कियों को प्रेरित करें, बड़े सपने देखने के लिए।

डॉ.शेफाली गुप्ता
डेंटल सर्जन



आज महिलाएं समाज के निर्माण में अपने साहस और योग्यता से बड़ा योगदान दे रही हैं। सपनों में विश्वास हो हौसलों पर उड़ान हो, हर महिला को अपनी पहचान पर गर्व और सम्मान हो। महिलाओं के लिए एक कविता-
कोमल हैं कमजोर नहीं, शक्ति का नाम ही नारी है।
जग को जीवन देने वाली, मौत भी तुमसे हारी है।।

नेहा गर्ग
शिक्षिका



महिलाएं हर क्षेत्र में सक्षम और कुशल हैं, और उनके पास अपने आसपास की हर चीज को फिर से बनाने और बदलने की शक्ति होती है। नैतिक वैल्यूज एवं इन्हेरिटेज को कायम कर अपने माता-पिता और सास-ससुर की प्रेम और सम्मान के साथ देखभाल करें। आइए हम ऐसा समाज बनाएं जहां परिवार अपने बुजुर्गों का सहारा बनें ताकि वृद्धाश्रमों की संख्या ना बढ़े। साथ ही अपने स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। एनीमिया को ठीक करके और अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखकर और अधिक ऊर्जावान, सुंदर, आत्मविश्वासी और मजबूत बन सकती हैं, और जहां भी जाएं मुस्कान फैलाती रहेंगी। - **डॉ. तारिणी तनेजा, स्त्री रोग विशेषज्ञ**



महिलाएं स्वास्थ्य सशक्तिकरण के प्रति सजग बने महिलाओं का अच्छा स्वास्थ्य उनके सशक्तिकरण की सबसे महत्वपूर्ण आधारशिला है। जब महिलाएं शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ होती हैं, तब वे अपने परिवार, समाज और कार्यक्षेत्र में बेहतर भूमिका निभा पाती हैं। स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, संतुलित आहार और नियमित जांच महिलाओं को मजबूत और आत्मनिर्भर बनाती है। एक स्वस्थ महिला ही आत्मविश्वास के साथ अपने अधिकारों और समानता के साथ जिम्मेदारियों को निभा सकती है, जिससे पूरे समाज का विकास संभव होता है।-**डॉ. गीतांजलि वर्मा, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी**



मेरे विचार से महिला सशक्तिकरण का असली अर्थ अधिकार पाना नहीं है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को सही दिशा देना है, माताएं जब अपने बच्चों को नैतिकता और जिम्मेदारी का भाव बोती हैं उन्हें समय, संस्कार और विश्वास देती है तभी एक सुरक्षित और सशक्त समाज का निर्माण होता है और बच्चे बाहरी आकर्षणों में भटकने के बजाय, सही मार्ग की ओर बढ़ते हैं।

अलका जैन
डायरेक्टर गिरधारी लाल मैमोरियल स्कूल।



समस्त महिला शक्ति को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बहुत-बहुत बधाई। किसी भी समाज एवं राष्ट्र की उन्नति, स्मृद्धि एवं प्रगति उस राष्ट्र एवं समाज की महिलाओं की उन्नति, प्रगति एवं स्मृद्धि पर निर्भर करती है। आज महिलाएं जल, थल से लेकर आकाश की बुलंदियों तक अपनी श्रेष्ठता एवं सफलता का परचम लहरा रही है। समस्त महिला शक्ति को स्वर्णिम भविष्य की शुभकामनाओं सहित पुनः महिला दिवस की बहुत-बहुत बधाई।

**रेणु शर्मा, डायरेक्टर, डी एस पब्लिक स्कूल।**



प्रगति का कोई जेंडर नहीं होता। जब एक महिला सशक्त होती है, तो उसका लाभ केवल एक परिवार तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में सकारात्मक बदलाव लाता है। सशक्तिकरण सिर्फ एक शब्द नहीं, एक निवेश है जो आने वाली पीढ़ियों का भविष्य बदलता है। क्षमताओं को पंख देने है। आज का दिन उनकी ताकत का नहीं, उनके दृढ़ निश्चय का उत्सव है। इस महिला सशक्तिकरण पर उपहार में उनके सपनों को सपोर्ट करें।

**अनुराधा वर्मा, विषय विशेषज्ञ (आँगल भाषा),
उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा विभाग।**



परिस्थितियां महिलाओं को मजबूत बना देती है, यदि समाज में स्वाभिमान के साथ जीना है तो महिलाओं के पास मजबूत बनने के सिवा अन्य कोई विकल्प नहीं है। सभी को इस दिवस पर संकल्प लेना चाहिए कि नारी शक्ति को पहचानें और समाज में उसके योगदान का आदर करें। महिलाएं स्वयं को सकारात्मक और सशक्त बनाएं।

डॉक्टर प्रज्ञा सिंह
अधिशासी अधिकारी



जेंडर समानता ही आज का मंत्रा है। भारत सरकार भी इसके लिए समर्पित है। हम सब को मिल कर सम्मान पूर्वक , सुरक्षित महिलाओं को देश के हर पायदान पर आगे बढ़ाना चाहिए।

धारा रतन प्रधानाचार्य
शारदेन स्कूल।



आप अपने आपको शिक्षित करो, अपनी बेटियों को अपनी बहनों को शिक्षित कर लें क्योंकि कल कोई प्राब्लम भी आती है तो वो आपकी भी हेल्प कर सकें। शिक्षा हमारा कौशल बढ़ाती है और आत्मनिर्भर बनाती है व हमारी ताकत बनती है।

डॉ.वंदना जैन
वर्धमान हास्पिटल।



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की सभी महिलाओं को बहुत बहुत शुभकामनाएं। हम विकसित भारत की बात करते हैं और उस समय याद आता है कि महिलाओं को 33 पर्सेंट आरक्षण संसद में मिले और सभी वर्गों की महिलाओं को सम्मान की दृष्टि से देखा जाए।

डॉ. सीमा जैन जैन
कन्या पाठशाला महाविद्यालय।




**एक शिक्षण संस्थान से जुड़े होने के नाते मेरा दृढ़ विश्वास है कि नारी केवल शक्ति का प्रतीक नहीं, बल्कि दर्पण, अर्पण और समर्पण का अद्भुत स्वरूप है। नारी समाज और परिवार का सच्चा दर्पण होती है। उसके संस्कार, विचार और आचरण में ही परिवार और समाज की संस्कृति तथा मूल्यों की झलक दिखाई देती है। एक शिक्षिका और माँ के रूप में वह बच्चों के व्यक्तित्व और चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और उन्हें सही दिशा प्रदान करती है। नारी प्रेम, ममता और त्याग की मूर्ति है। वह अपने स्नेह, समय और ऊर्जा को निस्वार्थ भाव से परिवार, समाज और राष्ट्र के कल्याण के लिए अर्पित करती है। उसकी संवेदनशीलता और सहयोग की भावना हर रिश्ते को मजबूती देती है। एक शिक्षण संस्था के रूप में हमारा दायित्व है कि हम बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आत्मविश्वास और सशक्त संस्कार प्रदान करें, ताकि वे भविष्य में एक सशक्त और संवेदनशील समाज का निर्माण कर सकें।**

मीनाक्षी मित्तल, प्रधानाचार्या,
न्यू हॉरिजन स्कूल
मुजफ्फरनगर।



**भारत में गार्गी से लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु तक महिलाओं के योगदान की सराहना की जाती है। सावित्री बाई फुले प्रथम महिला शिक्षिका थीं। उन्हीं की प्रेरणा से आज हमारा जीवन शिक्षा के लिए प्रेरित है। आज शिक्षा के जगत की बात करें तो हमारे बच्चों को संसाधन दिखाई तो देते हैं, लेकिन हम उनका उपयोग नहीं कर पाते। हमारे समय में इतने संसाधन नहीं थे। मैने पहले प्रयास में ही नेट टॉप कर प्रोफेसर का पद पाया। आज यह आसान नहीं है। आज बच्चियों की आंखों के सामने जो भ्रमर जाल बन गया और वे नैतिक शिक्षा से दूर चली गई हैं उससे बचें, हमारा जीवन कुछ और है, जिसकी सराहना की जाती थी। संपूर्ण विश्व हमारी ओर देख रहा है। हमें विश्व गुरू बनना है। अपनी परंपरा और संस्कार को निभाते हुए अपने माता पिता का सम्मान करते हुए हमें उस जगह पर पहुंचना है, जहां हम स्वयं की दृष्टि में सम्मानित महसूस कर सकें।**



प्रो. सुषमा सैनी,
डीएवी कॉलेज।



**महिला दिखने में चाहे कोमल लगें, लेकिन महिला एक मजबूत शक्ति हैं। वे हर क्षेत्र में मजबूत सहयोगी हैं। हम पुराने समय से आज तक देंखें तो महिलाओं का अपना मुकाम रहा है। जिस क्षेत्र में उन्हें अवसर मिले हैं, वहां उन्होंने अपने झंडे गाडे हैं। आज की महिलाएं सपना देखती हैं, सीखती हैं और आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं। हम सभी को साथ लेकर चलती हैं। मेरा बेटा कहता है कि आज बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की बात होती है तो पुरुषों का क्या होगा? लेकिन सच यह है कि आज समाज में महिलाओं को पुरुषों की बराबरी का दर्जा मिल रहा है। आज परिवार में बेटी होती तो इसकी खुशी मनाई जाती है। हमारे संविधान में जो समानता का अधिकार दिया गया है, वह आज भी बहुत से देशों में नहीं है।**





डॉ. मृणालिनी अनंत
प्रधानाचार्य
एमजी वर्ल्ड विजन।



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के सशक्तिकरण के साथ उनके स्वास्थ्य पर ध्यान दिए जाने की जरूरत है। महिलाओं में स्तन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर और यूटेराइन कैंसर अधिक होता है। समय से अगर जांच हो जाए तो इसका पता चल सकता है और समय पर इलाज होने पर इसे फैलने से रोका जा सकता है। ये जांच काफी सरल और सुरक्षित हैं, लेकिन जागरूकता की कमी के कारण ऐसा नहीं हो सकता।

**डॉ. रेणू अग्रवाल**





आज महिलाएं समाज में हर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति मजबूती से दर्ज करा रही हैं। नारी अपने दायित्वों के प्रति पूर्ण निष्ठा और समर्पण का प्रतीक है। चाहे वह माँ हो, शिक्षिका हो या नेतृत्वकर्ता, वह हर भूमिका को धैर्य, साहस और कर्तव्यपरायणता के साथ निभाकर समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देती है। नारी संस्कारों का दर्पण, प्रेम का अर्पण और कर्तव्य का समर्पण है। आज महिला दिवस पर संकल्प लें कि हम अपने समाज और परिवार में आ रही बुराइयों को दूर करने में अपना योगदान देंगी। खासतौर से नई पीढ़ी के लिए आदर्श बनेंगी।

**मीनाक्षी स्वरूप
पालिका अध्यक्ष।**

## कोर्ट से फरार वारंटी को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मदरसे से दबोचा

**मोरना, 7 मार्च (बु.)।** भोपा थाना क्षेत्र के ग्राम पाटोली निवासी एक फरार वारंटी को पुलिस ने सहारनपुर जिले स्थित एक मदरसे से गिरफ्तार किया है। आरोपी लंबे समय से कोर्ट में पेश नहीं हो रहा था, जिसके चलते न्यायालय ने उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर पुलिस को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। भोपा थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि वारंटी जमशेदपुर उर्फ शमशाद, जो मूल रूप से ग्राम पाटोली थाना भोपा का रहने वाला है। सहारनपुर जिले के एक मदरसे में छिपकर रह रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने दबिश दी और आरोपी को मदरसे से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक शिवकुमार शर्मा, कांस्टेबल सुरेंद्र सिंह और अखिलेश कुमार शामिल रहे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्यवाही करते हुए न्यायालय में पेश कर दिया है।

## विदेश भेजने के नाम पर ठगी की शिकायत मुख्यमंत्री तक पहुंची

**मुजफ्फरनगर, 7 मार्च (बु.)।** मीरापुर में युवक को विदेश भेजकर नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का मामला मुख्यमंत्री दरबार में पहुंच गया है। स्थानीय पुलिस द्वारा कार्रवाई ना किए जाने पर सीएम पोर्टल पर इसकी शिकायत की गई है। मुख्यमंत्री पोर्टल पर की शिकायत में थाना मीरापुर के मौहल्ला मुश्तर्क निवासी इरशाद पुत्र इकबाल ने कहा है कि मीरापुर इलाके के कुतुबपुर निवासी प्रियांक पुत्र रामकुमार निवासी ग्राम कुतुबपुर थाना मीरापुर ने उसके भाई फरमान पुत्र इकबाल को दुबई में परफ्यूम कम्पनी में नौकरी लगवाने की बात कही। प्रियांक ने नौकरी दिलाने के नाम पर उससे 125000 रुपये मांगे। इसके लिए गत 12 सितंबर को प्रियांक को आनलाइन 50000 रुपये और 26 सितंबर को 35000 रुपये दिये। 40000 रुपये प्रियांक को नगद दिये गये। इस तरह कुल 125000 रुपये दिये गये । जब इरफान दुबई गया तो पता चला कि उसे टूरिस्ट वीजा पर वहां भेज दिया हैं। उससे 45 दिन तक अवैध रूप से किसी कम्पनी में काम कराया गया। जब इस बार में प्रियांक से बात की तो उसने बोला कि वह सब सही कर देगा। फरमान परेशान हो गया प्रियांक ने कहा कि उसे वापस बुला लो। मैं तुम्हारा सारा पैसा वापस कर दूंगा। इस पर उसने फरमान को टिकट कराकर वापस बुला लिया। प्रियांक से अपने पैसे मागें तो वह फोन पर गाली गलौज करने लगा और पैसा वापस नहीं करने की बात कहते हुए धमकी देने लगा। उसने आरोपी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करने की मांग की है।

## पत्नी की हत्या कर फंदे पर लटका पति

**मोदीपुरम, 7 मार्च (एजेंसी)।** पल्लवपुरम फेस दो स्थित सीवरेज प्लांट के कमरे में शनिवार को घुरेना जिला हरदोई निवासी प्रदीप 35 वर्ष का शव फंदे पर लटका मिला। जबकि, पत्नी मधु यादव 30 वर्ष का शव बेड पर पड़ा मिला। प्रदीप चार भाइयों में दूसरे नंबर का था। प्रदीप पल्लवपुरम फेस दो स्थित सीवरेज प्लांट में ठेकेदार के अधीन ऑपरेटर का कार्य करता था। वह पत्नी और बेटे यस के साथ एन पॉकेट में किराए के मकान में रहता था। मधु के भाई शिव शंकर के अनुसार प्रदीप अपनी पत्नी और बेटे के साथ होली का त्यौहार मनाने गांव गया था। शनिवार को ही वह पल्लवपुरम लौटा था। किराए के मकान में न जाकर वह प्लांट पर पहुंचा और वहीं कमरे में आराम करने की बात कहकर सो गया। बेटा यस दूसरे प्लांट में बच्चों के साथ खेल रहा था। देर शाम दूसरा ऑपरेटर राम कर्ण प्लांट पर पहुंचा तो उसने कमरा खुला देखा तो वह दंग रह गया। प्रदीप फंदे पर लटका हुआ था और मधु का शव बेड पर पड़ा हुआ था।

## जींद की फैक्ट्री में आग, 5 महिलाओं की मौत: 17 मजदूर झुलसे

**जींद, 7 मार्च (एजेंसी)।** हरियाणा के जींद में शनिवार को होली के गुलाल और रंग बनाने वाली फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। हादसे में 5 महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 17 मजदूर झुलस गए। इनमें ज्यादातर महिलाएं हैं। घटना सफीदों की भाट कॉलोनी की है। आरोप है कि फैक्ट्री के मेन गेट पर बाहर से ताला लगा हुआ था। जब फैक्ट्री में आग लगी तो मजदूर बाहर नहीं निकल पाए। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घायलों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभी यह नहीं पता चल पाया है कि आग कैसे लगी। सूचना पर डीसी मोहम्मद इमरान रजा और एसपी कुलदीप सिंह भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया।

## ईरान में जंग के बीच लापता मुजफ्फरनगर का युवक



**मुजफ्फरनगर, 7 मार्च (बु.)।** अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमलों के बीच विज्ञाना गांव का एक युवक जीशान ईरान में लापता हो गया है। जीशान के परिजनों का उससे पिछले 15 दिनों से कोई संपर्क नहीं हो पाया है, जिससे परिवार चिंतित है। अपने घर का इकलौता बेटा जीशान 16 दिसंबर को वेल्डिंग का काम करने के लिए ईरान गया था। परिजनों ने बताया कि युद्ध शुरू होने से पहले उनकी जीशान से फोन पर बात हुई थी, लेकिन उसके बाद से कोई संपर्क नहीं हो पाया है। जीशान के परिजनों का कहना है कि मुस्तफा से हमारी बात तो उससे 7 दिन पहले हुई थी। इसके बाद से उससे कोई संपर्क ना हो पाने के कारण परिवार के लोग चिंतित हैं। उन्होंने सरकार से उसका पता लगाने में सहयोग की अपील की है।

## भारतीय नारी का अस्तित्व

हे नारी !! नमन है तुमको
ईश्वर की सर्वोत्तम रचना की अधिकारी हो तुम
बारम्बार नमन है तुमको
प्रकृति की अति उत्तम कृति हो तुम,
सुन्दर दिव्य गुणों से सम्पन्न सृष्टि के निर्माण में सहायक।
नर को नवस्वरूप देने वाली नमन है तुमको !
स्नेह व ज्ञान से ओत-प्रोत हो तुम, बाल्यकाल को संस्कार सिखाने वाली,
अज्ञान को मिटाती प्रेरणा हो तुम
घर की चारदीवारी संवारने में तत्पर तुम्हीं हो सखे।। हृदय से नमन है तुमको
अपार-शक्ति की स्वामिनी हो तुम, तुम्हें नहीं पता, क्या हो तुम।
कभी स्वयं से मिलकर, स्वयं की क्षमता पहचानो तुम
पुनः नमन है तुमको आह !! प्रकृति की सुकोमल अभिव्यक्ति,
नहीं पहचान सकी, अपनी अपार शक्ति।
स्व अस्तित्व स्वाहा कर यूंही, बस.. निरंतर रत है युग निर्माण में
जग के कल्याण में ।।
पुनः पुन नमन है तुमको।

**स्वरचित उद्गार-नीरु गोयल
(कल्याणी)**

## आसमान में मंडराते ड्रोन और गलियों में बाइक सवार ने ग्रामीणों में फैलाई दहशत

**भोपा, 7 मार्च (बु.)।** थानाक्षेत्र के गांव बेहडा थ्रू में बीते शुक्रवार की देर रात आसमान में मंडराते एक ड्रोन को देख ग्रामीणों में दहशत पसर गई। जिसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की। पुलिस के वापिस लौटने के कुछ देर बाद ही एक अज्ञात बाइक सवार ने अपनी पटाखा बाइक से गलियों में चक्कर लगाकर ग्रामीणों की दहशत दोगुना बढ़ा दी, जिसके बाद ग्रामीणों ने उसे पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह हाथ नहीं आ पाया। ग्रामीणों ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर असमाजिक तत्वों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने की मांग की है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव बेहड़ा थ्रू में शुक्रवार की रात ग्रामीणों पर भारी रही और ग्रामीण आधी रात तक दहशत का साए में जीते रहे। ग्रामीणों को देर रात आसमान में मंडरा रहे एक ड्रोन को देख अनहोनी की आशंका ने डरा दिया। कुछ ग्रामीणों ने आसमान में मंडरा रहे इस ड्रोन को अपने कैमरे में कैद कर लिया और मामले की सूचना भोपा पुलिस को दी। सूचना पर भोपा पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन आसमान में मंडराते ड्रोन के पीछे की सच्चाई नहीं जान पाई और कुछ देर की जांच के बाद वापिस लौट गई। पुलिस के वापिस लौटने के बाद दहशत को बढ़ाने की कमान एक अज्ञात बाइक सवार ने थाम ली और गलियों में अज्ञात बाइक सवार ने अपनी बाइक से पटाखे जैसी आवाज निकाल कर दहशत को दोगुना कर दिया। सुनसान रात में बाइक से निकलने वाली आवाज गोलियों जैसी लग रही थी, जिसके बाद कुछ ग्रामीण हिम्मत जुटाकर अपने घरों से बाहर निकले और बाइक सवार को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह भागने में कामयाब हो गया, जिसके बाद भी ग्रामीण किसी अनहोनी की आशंका के चलते पूरी रात आतंक के साए में रहे। ग्रामीणों ने सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर असामाजिक तत्वों को पहचान कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।



GOLDEN PUBLIC SCHOOL
Co-educational Sr. Secondary School Affiliated to CBSE, New Delhi
ADMISSIONS OPEN 2026-27
PLAY TO IX & XI (Science, Commerce & Humanities)
Registration forms are available for admission on all working days between 09:00 am to 01:00 pm
• NO ADMISSION FEE (FOR CLASSES PLAY TO VI)
• SIBLING DISCOUNT
- Safe and Secure CCTV Campus, Lush Green & Pollution Free Environment
- Truly Dedicated, Committed and Trained Teachers
- 100% Board Result of Class X and XII
- Focus on Effective Communication Skills
- Participation of Students in Olympiads, Interschool, State, National and International Events
- Transport Available on All Routes




PACHENDA ROAD, MUZAFFARNAGAR
Contact:- 0131-2413427, +91 9997589620, 7217009620 , Website:- www.gpsmzn.in